प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– फतेहपुर।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / 60 / 5074 दिनांक 09 / 09 / 2019**

**विषय–राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 14–15 मई 2019 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स / समस्याओं / के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

आप अवगत है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 14–15 मई 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे फीडबैक साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों / गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीया,

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / 60 /** तद्दिनांक

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित –**

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद– फतेहपुर।
4. समस्त उपमहाप्रबन्धक / महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, प्रयागराज।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, फतेहपुर।

(डा0 वेद प्रकाश)
महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या
## जनपद– फतेहपुर
## दिनांक 14–15 मई 2019

**मण्डलीय नोडल अधिकारी – डा0 वेदप्रकाश महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य।**
**राज्य स्तरीय टीम के सदस्य–**

**01– डा0 वेदप्रकाश महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य।**
**02–डा0–सुनन्दा वर्मा, उपमहाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य।**
**03– योगेन्द्र कुमार यादव, एस0एन0सी0यू0, सॉफ्टवेयर कोऑर्डिनटर।**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक उ0प्र0 से प्राप्त निर्देशो के क्रम में दिनांक 14–15 मई 2019 के मध्य जनपद–फतेहपुर, चिकित्सा इकाईयों–सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– **हुसैनगंज**, प्राथमिक स्वास्थ्य हसवा, वी0एच0एन0डी0 ग्राम कलरवापुर, ब्लॉक हसवा का पर्यवेक्षण किया गया। जिसमें सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों के सापेक्ष निम्न कार्यक्रमों / गतिविधियों में विशेष प्रयास कर सुधारात्मक कार्यवाही किया जाना है।

**01–जिला महिला चिकित्सालय फतेहपुर**

| प्रमुख बिन्दु | अवलोकन के बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|---|
| **कंगारू मदर केयर इकाई** | • के0एम0सी0 व्यवस्थित पाया गया। डियूटी पर एक स्टाफ नर्स मौजूद थी। इकाई में 04 बेड थे निरीक्षण के समय कोई शिशु भर्ती नहीं था।<br>• स्टाफ नर्स को के0एम0सी0 के विषय में पूर्ण जानकारी थी। | आवश्यकतानुसार माताओं को भर्ती किया जाय। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| **एन0बी0 एस0यू0** | • इकाई में 02 रेडिण्ट वार्मर और 02 फोटोथैरैपी थी।<br>• इकाई के दोनों उपकरण क्रियाशील थे। इकाई के अन्य उपकरण भी क्रियाशील थे। स्टाफ नर्स प्रशिक्षित थी। इकाई में कोई भी बच्चे भर्ती नही थे। | एन0बी0एस0यू0 इकाई में मानकानुसार बच्चों को भर्ती किया जाय। | स्टाफ नर्स / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| **लेबर रूम** | • लेबर रूम व्यवस्थित था और एन0बीसी0 सी0 कार्नर व्यवस्थित था।<br>• प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स द्वारारिकार्ड कीपिंग सही से नही किया जा रहा है। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महोदया के समक्ष यह प्रकरण चर्चा में लाया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| **पोस्टनेटल वार्ड** | • **पोस्टनेटल वार्ड**–पोस्ट सीजेरियन सेक्शन एवं नार्मल डिलीवरी की मरीज भर्ती थे<br>• नवजात शिशु के लिये माताओं को स्तनपान की सलाह नहीं दी जा रही थी।<br>• पोस्ट सीजीरियन सेक्शन नवजात शिशु को परिवार जन द्वारा बकरी का दूध पिलाया जा रहा था। कार्यरत स्टाफ नर्स अथवा सम्बन्धित अधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में सम्पर्क नहीं किया गया था।<br>• उक्त पोस्ट सीजीरियन कक्ष में स्टाफ नर्स मौजूद थी और 04 मरीज थे।<br>• डाईट राजिस्टर मानकानुसार नहीं था।<br>• बिटामिन के0 ईन्जेक्शन उपलब्ध नहीं थे। | नवजात शिशुओं हेतु शीघ्र स्तनपान एवं केवल स्तनपान के सम्बन्ध में गम्भीरता पूर्वक लेबर रूम एवं पोस्टनेटल वार्ड में मौजूद स्टाफ का उन्नमुखीकरण तथा समय–समय पर निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिये गये।<br>आर.एम.एन.सी.एच.+ए काउन्सलर एवं स्टाफ नर्स को बुलाकर उनके कार्य में रूचि न लिये जाने पर अप्रशन्नता व्यक्त की गयी तथा चेतावनी भी दी गयी। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |

| प्रमुख बिन्दु | अवलोकन के बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|---|
| टीकाकरण एवं कोल्डचेन | • नवजात शिशुओं को बी0सी0जी0 एवं हैपेटाइटस–बी लगाये जाने का रिकार्ड रजिस्टर में दर्ज नहीं किया जा रहा था।<br>• जनपद स्तरीय कोल्डचेन कक्ष में अक्रियाशील उपकरण रखे हुये हैं एवं स्थान की कमी है।<br>• कोल्डचेन रूम में कम स्थान में अत्याधिक उपकरण रखे हुये हैं तथा एक्जास फैन न होने के कारण तापमान अत्याधिक था। | • मु0चि0अ0 एवं सम्बन्धित कर्मचारियों को समस्त नवजात शिशुओं को बी0सी0जी0, हैपेटाइटस–बी एवं ओ0पी0वी0 से अच्छादित करने एवं रजिस्टर अंकित करते हुये निर्देशित किया गया।<br>• कंडम करने योग्य उपकरणों को तत्काल कंडम करने करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• एक्जास फैन लागबाने हेतु निर्देशित किया गया। | |
| एम0एन0 सी0यू0 / एस0एन0 सी0यू0 | • जिला महिला चिकित्सालय के द्वितीय तल पर प्रस्तावित एम0एन0सी0यू0 हेतु स्थान चिन्हित किया गया है।<br>• निरीक्षण के उपरान्त स्थान एम0एन0सी0यू0 के अनुसार उपयुक्त पाया गया। | • मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका द्वारा निमार्ण कार्य से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |

02– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –हुसैनगंज

| प्रमुख बिन्दु | अवलोकन के बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|---|
| प्रसव कक्ष | • प्रसव कक्ष के वाहर गंन्दगी पायी गयी।<br>• प्रसव कक्ष में शौचालय उपलब्ध नही था।<br>• प्रसव कक्ष के अन्दर हैण्डवास स्थल के पास जल भराव की स्थिति थी।<br>• प्रसव के उपरान्त 4 से 6 घन्टे के उपरान्त ही प्रसूतायें अपने घर चली जाती है।<br>• डाइट राजिस्टर में प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे। न ही छुटटी का समय अंकित किया जा था। | • प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को कमियों से अवगत कराया गया। तथा सुधार हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |

03–प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– हसवा

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थिति थें।<br>• नियमित महिला चिकित्सा अधिकारी की तैनाती केन्द्र पर थी परन्तु डयूटी पर नहीं आ रही हैं। बिना किसी सूचना के विगत सप्ताह से केन्द्र पर नहीं आ रही है।<br>• आर0बी0एस0के0 की 2 टीमों में से 1 टीम माईक्रोप्लान के अनुसार क्षेत्र में गयी हुयी थी परन्तु 1 टीम बिना किसी सूचना के गायब थी। | • सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।<br>• आर0बी0एस0के0 की टीम के विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |

| प्रमुख बिन्दु | अवलोकन के बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|---|
| 04– जिला पुरूष चिकित्सालय फतेहपुर | | | |
| एन0आर0सी0 | • इकाई में समस्त स्टाफ मौजूद था एन0आर0सी0 इकाई दो कक्षों में क्रियाशील है, और निरीक्षण के समय 06 कुपोषित बच्चें भर्ती थें।<br>• इकाई में पूर्व में कम्प्यूटर क्रियाशील नहीं था परन्तु निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गयी कि अब ठीक हो गया है।<br>• पूर्व में आक्यूपेन्सी रेट एवं क्योर रेट कम पायी जाती रही है।<br>• इकाई की चाइल्ड वाइस ट्रेकिंग का कार्य नही किया जा रहा था। | • पूर्व में आक्यूपेन्सी रेट एवं क्योर रेट कम पायी जाती रही है। इसके विषय में सुधार लाने हेतु चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा अधीक्षक से चर्चा की गयी।<br>• इकाई में कार्यरत स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया कि चाइल्ड वाइस ट्रेकिंग रिर्पोट रिपोर्टिंग का कार्य पूर्ण करें। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ |

उपरोक्त भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों के विषय में जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में फीडबैक बैठक आयोजित की गयी जिसमें ब्लाक के अधिकारियों के साथ–साथ अन्य अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपरोक्त के विषय में अवगत कराते हुए सुधारात्मक कार्यवाही निर्देशित किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| Yogendra | Sunanda. 27/06/19 | |
| योगेन्द्र कुमार यादव<br>(एस0एन0सी0यू0 सॉफ्टवेयर कार्यक्रम समन्वयक) | डा0–सुनन्दा वर्मा<br>(उपमहाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य) | डा0 वेदप्रकाश<br>( महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य) |

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– फतेहपुर।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/सी0एच0/सपोर्टिव सुपरविजन/2019–20/60/** दिनांक 09/09/2019

**विषय–राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 14–15 मई 2019 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स/समस्याओं/के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

आप अवगत है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 14–15 मई 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे फीडबैक साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

**भवदीया,**

**(थमीम अंसरिया ए)**
अपर मिशन निदेशक

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/सी0एच0/सपोर्टिव सुपरविजन/2019–20/60/** 5074-6 **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित –**

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद– फतेहपुर।
4. समस्त उपमहाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, प्रयागराज।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, फतेहपुर।

**(डा0 वेद प्रकाश)**
महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य